# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

| कक्षा तीन | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ: वर्णमाला |
|---|---|---|

**परिभाषा-- भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण कहलाती है ।**

**वर्णमाला - सभी वर्णों को जब एक निश्चित क्रम में लिखा जाता है, तब वह समूह वर्णमाला कहलाता है ।**

* **हिंदी वर्णमाला में 11 स्वर होते हैं**

**जैसे : अ,आ,इ,ई ----- औ तक ।**

* **हिंदी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या 33 होती है ।**

**जैसे : क, ख, ग,----- ह तक ।**

## संयुक्त व्यंजन

**दो व्यंजन वर्णों के मेल से बने वर्ण संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं ।**

**जैसे : क् + ष = क्ष**

**त् + र = त्र**

**ज् + ञ = ज्ञ**

श् + र = श्र

| स्वर | मात्रा | शब्द |
|---|---|---|
| अ | -- | कम, चल |
| आ | का | आज, काल |
| इ | कि | दिन, पिन |
| ई | की | कील, पानी |
| उ | कु | सुबह, दुआ |
| ऊ | कू | खूब, कबूतर |
| ॠ | कृ | मृग, वृक्ष |
| ए | के | केश, केवल |
| ऐ | कै | बैल, सैर |
| ओ | को | खोज, सोच |
| औ | कौ | औसत, औरत |